हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 6 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

09 दो-चार सौ रूपये के धंधे में कैसे चलेगा गढ़कलेवा


10 निगम टीम ने दुकानों से 300 किलो से अधिक पॉलीथिन जब्त ...




## खबर संक्षेप

### भखारा तहसील पटेल संघ की बैठक आज

**कोर्रा(भखारा)।** भखारा तहसील संघ के ग्राम पटेलों की बैठक आज कृषि उपज मंडी भखारा में दोपहर 12 बजे रखी गई है। यह जानकारी तहसील अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू ने दी है।

### हथबंद में मड़ई 8 को

**जीजामगांव।** ग्राम हथबंद में 8 जनवरी सोमवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोर मयारू गंगा साराबोग उड़ीसा की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी देवाराम साहू एवं टिकेश साहू ने दी है।

### सुपेला में मड़ई मेला 9 को

**अंवरी।** ग्राम सुपेला में मड़ई मेला का आयोजन 9 जनवरी मंगलवार को किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए राधाकृष्णा नाचा पार्टी ग्राम दुर्रे बंजारी महाराष्ट्र का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मूलचंद साहू ने दी है।

### जिले में आज लगेंगे संकल्प शिविर

**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 6 जनवरी को जिले के चारों विकासखण्डों के 12 गांवों में संकल्प शिविर लगाये जायेंगे। धमतरी विकासखण्ड के सांकरा, डोड़की, कुरूद विकासखण्ड के चर्रा, कोकड़ी, मगरलोड विकासखण्ड के मड़ेली, मोहंदी, बेलरदोना, बेलोरा और नगरी विकासखण्ड के भैंसमुंड़ी, उमरगांव, संबलपुर तथा नवागांव स. में संकल्प शिविर आयोजित किये जायेंगे।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 जनवरी को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में आयोजित है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन, नववर्ष मिलन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी। कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, गणेशराव पवार, बलवंत राव पवार, लालाराम मगेन्द्र, डॉ. भारती राव, एसआर नेले एवं हनुमान सिंह वर्मा ने संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी सचिव अरूण कुमार गौर ने दी है।

मजदूरों ने फारेस्ट ऑफिस में किया प्रदर्शन, मांगा न्याय

# सदर में पेड़ की कटाई, फंसे लोहरसी के तीन मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सदर बाजार में पेड़ कटाई के मामले में दिहाड़ी मजदूरों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। दो दिन से पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के लिए लोहरसी के चक्कर लगा रही है। इससे मजदूरों में आक्रोश है। शुक्रवार को मजदूर ग्रामीणों के साथ फारेस्ट रेंज ऑफिस पहुंचे। वहां पर प्रदर्शन करते हुए अपनी बात रखी।



सदर बाजार में 150 साल पुराने पीपल पेड़ को काट दिया गया। पेड़ के धराशायी होने से प्रवासी पक्षियों सहित करीब 200 पक्षियों की मौत हो गई। इस मामले में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी को फरार बताया जा रहा है। अब मजदूरी करने के लिए आए तीन मजदूरों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। इससे मजदूरों में आक्रोश है।

शुक्रवार को लोहरसी के ग्रामीणों व अन्य मजदूर साथियों को साथ लेकर वे वन विभाग के रेंज ऑफिस पहुंचे। मजदूरों ने बताया कि वे दिहाड़ी मजदूरी करने के लिए पहुंचे थे। उन्हें क्या मालूम था कि पेड़ कटाई के लिए परमिशन की जरूरत पड़ती है और परमिशन नहीं ली गई है। इस मामले में कई और लोग भी शामिल हैं। गरीब और मजदूर को निशाना बनाकर बाकी आरोपियों को बचाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनके खिलाफ कार्रवाई होती है तो वे साथियों के साथ उग्र आंदोलन करेंगे।

### कई लोग थे शामिल

मजदूर मुकेश विश्वकर्मा ने बताया कि पेड़ काटने के लिए उन्हें एक व्यवसायी ने बुलाया था। पेड़ काटने में क्रेन का उपयोग किया गया। बिजली विभाग ने बकायदा बिजली बंद रखी थी। दोनों ओर रोड ब्लाक किया गया था। वार्ड पार्षद वहां पर मौजूद थे। मजदूरों को पार्षद ने आश्वासन दिया था कि वे पेड़ कटते तक वहां रहेंगे और अंत तक रहे भी। इसके बाद भी सिर्फ उन्हें ही आरोपी बनाया जा रहा है। उसने बताया कि वे मजदूरी करते हैं और जो उन्हें मजदूरी करने बुलाता है, उसके पास जाकर उनका काम करते हैं। परमिशन लेने की जिम्मेदारी मजदूरी कराने वालों की थी। उन्हें तो पता भी नहीं था कि ऐसे काम के लिए परमिशन लेनी पड़ती है।

### बिजली का बिल पटाने रुपए नहीं तो वकील कहां से लगाएं

मजदूर खोमेश्वर गंजीर ने बताया कि पूरा घर उसकी मजदूरी से चलता है। पत्नी की तबीयत खराब है, जिसका इलाज मुश्किल से चल रहा है। पेड़ कटाई कांड में फंसने के बाद से वे काफी परेशान हैं, घर भी अस्त-व्यस्त हो गया है। उसने बताया कि पेड़ काटने के लिए व्यवसायी ने एक सप्ताह पहले बुलाया था। पेड़ को देखने के बाद मना करके वे लौट गए थे। इसके बाद फिर एक सप्ताह बाद उन्हें बुलाया गया। इस बार पेड़ काटने की पूरी तैयारी थी और सबके साथ वे भी काम में लग गए। फारेस्ट के अधिकारी अब उन्हें जमानत लेने के लिए बोल रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास इतना रुपया नहीं है कि ठीक से घर चला सकें। ऐसे में वकील का खर्च कहां से उठाएंगे।

### न्याय नहीं मिला तो होगा बवाल

मजदूरों ने बताया कि शुक्रवार को 10 पुलिस वाले 2 गाड़ियों में उनके घर आए थे। उस वक्त वे मजदूरी करने के लिए बाहर चले गए थे। पुलिस वाले उन्हें गिरफ्तार करने की फिराक में थे। इस मामले में पूरा ठीकरा काम करने वाले मजदूरों पर फोड़ा जा रहा है। जबकि अन्य लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिलता है तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

## मुख्यमंत्री साय आज परसवानी आएंगे

**मगरलोड।** ब्लाक के ग्राम परसवानी में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन हो रहा है। इससे जिले व मगरलोड विकासखंड में विकास कार्यों को गति मिलने की आस है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आज शनिवार को प्रथम आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा संगठन के पदाधिकारी व जिला प्रशासन के आला अधिकारी तैयारी में जुटे हैं। ज्ञात हो कि मगरलोड क्षेत्र के किसानों को धान बेचने के लिए कुरूद नयापारा जाना पड़ता है। इसे देखते हुए मगरलोड में बारहमासी मंडी खुलवाने की मांग की जा रही है। वहीं वनांचल क्षेत्र में सुरक्षा को देखते हुए सिंगपुर में चौकी खुलवाने की मांग वर्षों पुरानी है। सिंगपुर में आईटीआई, परसाबुड़ा से हथबंद तक प्रधानमंत्री सड़क की मांग, राजाडेरा जलाशय से नहर नाली विस्तार की मांग मगरलोड ब्लॉक में प्रमुखता से की जा रही है। मुख्यमंत्री के आगमन से क्षेत्रवासियों में हर्ष है व मांगों के पूरा होने की उम्मीद भी है।



# जिले में बच्चेदानी व मुंह के कैंसर के बढ़ रहे मरीज

## अनियमित खानपान व नशा है कैंसर बीमारी का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अनियमित खानपान व तम्बाकू, सिगरेट के नशे व सेवन के कारण जिले में कैंसर के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। बीते वर्ष जिले में 58 मरीज कैंसर सस्पेक्ट के रूप में चिन्हांकित किये गये हैं।

वर्तमान में जिले के 70 फीसदी युवा व 12 से 15 वर्ष के किशोर तम्बाकू का सेवन करते हैं। आज युवा वर्ग के लिये तम्बाकू सेवन व सिगरेट पीना फैशन बन गया है, जिसके कारण जिले में मुंह के कैंसर के सबसे अधिक मरीज मिल रहे हैं। वहीं अनियमित खानपान व दिनचर्या व अनुवांशिक कारणों से बच्चेदानी व ब्रेस्ट कैंसर के मरीज चिन्हांकित किये गये हैं।

एक जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में बीते 7 सालों में अलग-अलग कैंसर से पीड़ित 630 मरीज दर्ज हैं। मरीजों के लिये राहत की बात यह है कि जिला अस्पताल में कैंसर के मरीजों को कीमोथैरेपी दिये जाने की सुविधा है। वर्तमान में कैंसर के 150 मरीजों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिले में मुंह के कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर व बच्चेदानी के कैंसर व ब्लड कैंसर के मरीज मिले हैं। वहीं बच्चेदानी के कैंसर को अनुवांशिक माना जाता है। किसी परिवार में महिला को बच्चेदानी का कैंसर है तो परिवार की अन्य महिलाओं को भी कैंसर होने की संभावना 80 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। बच्चेदानी का कैंसर अनुवांशिक के अतिरिक्त अन्य कारणों से भी हो सकता है।




जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार जिले में वर्ष 2015 में 86, 2016 में 90, 2017 में 180, 2018 में 114, 2019 में 46, 2020 में 56, 2021-22 कोरोना काल व 2023 में 58 मरीजों की पहचान हुई है।

### कीमोथैरेपी देकर किया जा रहा उपचार

सिविल सर्जन डॉ. अरूण टोन्डर ने मीडिया को बताया कि जिला अस्पताल में समय-समय पर स्क्रीनिंग शिविर लगाकर कैंसर के मरीजों की पहचान की जाती है। अस्पताल के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित कीमोथैरेपी कक्ष में कैंसर के मरीजों को कीमोथैरेपी देकर उपचार किया जा रहा है।

### रेफ्रिजरेशन, एयर कंडीशनिंग रिपेयरिंग, बेकरी निर्माण प्रशिक्षण के लिये आवेदन मंगाए

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग रिपेयरिंग तथा सर्विसिंग का 30 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिये 9 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इसी तरह संस्था में 6 दिवसीय केक, बेकरी निर्माण का प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसके लिये 18 जनवरी तक आवेदन मंगाए गये हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी सुश्री अनीता टुडू ने बताया कि उक्त दोनों प्रशिक्षण के लिये 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष आवेदक आवेदन कर सकते हैं। आवेदक बीपीएल राशन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटो कॉपी और 4 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

**पाठक सूचना**
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969






## खबर संक्षेप

### सिर्री में देवांगन समाज की मंडल बैठक आज

**सिर्री।** देवांगन समाज सिर्री मंडल की कार्यकारिणी बैठक ग्राम इकाई सिर्री में 6 जनवरी शनिवार को दोपहर 12 बजे रखी गई है। बैठक में आगामी वार्षिक अधिवेशन, मां परमेश्वरी जयंती मनाने संबंधी विषयों पर चर्चा होगी।

### वार्षिक परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी जमा करें

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होने वाले नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व, पूरक परीक्षार्थियों को वार्षिक परीक्षा 2023 का परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट में ऑनलाइन भरने के पश्चात परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी महाविद्यालय में जमा करना होगा। हार्डकॉपी जमा न करने की स्थिति में होने वाली असुविधा के लिए परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार रहेंगे। वार्षिक परीक्षा के लिए परीक्षा फार्म भरने की तिथि बिना विलंब शुल्क के 13 जनवरी तक तथा निर्धारित शुल्क एवं 100 रूपए बिलंब शुल्क के साथ 20 जनवरी निर्धारित है।

### कचना में बेलपत्र शिव महापुराण कथा 13 से

**जीजामगांव।** ग्राम कचना में ग्रामवासियों एवं जनजागरण सत्संग समिति के तत्वावधान में 13 जनवरी से श्री बेलपत्र शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है।



व्यासपीठ पर साध्वी अन्नपूर्णा गिरी, वर्षा नगर पंचायती निरंजनी अखाड़ा उज्जैन अमृतवाणी का रसपान कराएंगे। प्रथम दिन 13 जनवरी को शिव कथा महत्व, बिंदु चंचुला कथा, द्वितीय दिवस 14 को नारद ब्रह्मा जी का संवाद, 15 को सती प्रसंग, शिव पार्वती विवाह, चतुर्थ दिवस 16 को कार्तिकेय जन्म, पंचम दिवस 17 जनवरी को गणेश प्राकट्य, 18 को जालंधर शंखचूड़ वध, अंतिम दिवस 19 जनवरी को महिषासुर मर्दिनी कथा 12 ज्योतिर्लिंग, आहुति एवं महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। महापुराण की तैयारी में जन जागरण सत्संग समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

## निधन

### शत्रुघन लाल सेन



**धमतरी।** स्थानीय दानीटोला निवासी शत्रुघन लाल सेन का 5 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में अनेक लोग शामिल हुए।

### भीखम राम सिन्हा



**धमतरी।** ग्राम सिर्री निवासी एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सलोनी के भृत्य भीखमराम सिन्हा 57 वर्ष का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे। वे त्रिलोक एवं मुकेश सिन्हा के पिताजी थे। उनके अंतिम संस्कार में विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीण शामिल हुए।

---

विकसित भारत संकल्प यात्रा राजपुर पहुंची, शिविर में नि:शुल्क हेल्थ चेकअप हुआ

# केंद्रीय योजनाओं से रूबरू होने ग्रामीणों में रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम राजपुर के बाजार चौक पहुंची। ग्रामीण केंद्र सरकार की योजनाओं को जानने उत्साहित थे। कार्यक्रम में लोगों को भारत सरकार की 17 से अधिक विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को तत्काल केसीसी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेशन, पीएम उज्जवला योजना, पीएम सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। लोगों का निःशुल्क हेल्थ चेकअप हुआ। टीबी, सिकलसेल, एनीमिया, शुगर, बीपी की जांच की गई। शुक्रवार को राजपुर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत राजपुर निवासी हेमलता सिन्हा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि कोरोनाकाल भी में 35 किलो चावल केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की गई। इससे परिवार के सभी सदस्यों को भरपूर भोजन प्राप्त हुआ था। ओमप्रकाश निषाद ने कहा कि कुछ वर्ष पहले मैं व मेरा पूरा परिवार शौच के लिए खुले मैदान में जाना पड़ता था। घर में शौचालय बनने के बाद खुले में बैठने की समस्या दूर हो गई।



विकसित भारत संकल्प यात्रा के अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यदु ने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने पीएम आवास योजना को जानबूझकर रोककर रखा था। इससे पूरे छत्तीसगढ़ के लाखों गरीब पक्के मकान से वंचित हो गए। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जनादेश मिलने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शपथ लेते ही मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कैबिनेट की पहली बैठक से किया। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लोगों को मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिले।

इस अवसर पर सरपंच प्रीत बाई कंवर, उपसरपंच लीला बाई यादव, जनपद सदस्य हरिविनायक सिन्हा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कोमल यदु, पंच कीर्ति सिन्हा, चम्पा यादव, हेमंत ध्रुव, संतोष पटेल, पुरूषोत्तम सिन्हा, शिक्षक विष्णुराम साहू, प्रमोद डड़सेना, मोहन लाल साहू, कैलाश ध्रुव, सचिव हेमलाल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### 28 हितग्राहियों को मिला उज्ज्वला योजना का लाभ



राजपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में जिले की नई कलेक्टर नम्रता गांधी पहुंची जहां आम जनता से शासन की योजनाओं की बारीकी से जानकारी ली। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों से आग्रह किया। इस दौरान एसडीएम सोनाल डेविड, तहसीलदार प्रेमूलाल साहू, जनपद सीईओ राजेन्द्र, पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज, एडीओ ललित साहू, वरिष्ठ कृषि अधिकारी केएस नरेटी, योगेन्द्र यादव, पटवारी झरना कौशिक, राकेश खत्री, गोपाल साहू, लोकू साहू मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने लिया भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति कमार बाहुल्य बसाहट क्षेत्र भोथली में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का आगमन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्यामंत बिसेन, दुर्गेश्वरी पालेश्वर सरपंच भोथली, विशेष अतिथि राधेश्याम साहू, जीवनलाल साहू, श्रीमती शकुन कोसरे पंच, श्रीमती विमला साहू पंच, श्रीमती पद्मिनी पालेश्वर पंच, ह्यूमन यादव अधिवक्ता नगरी थे। मंच संचालन दुर्गेश यादव ने किया।



इस अवसर पर संजय साहू, गौतम कश्यप, मंजुला वर्मा, जालंधर साहू, नरेंद्र नेम, भूपेंद्र ध्रुव, वीएस ध्रुव, वीसी कोर्राम, कमलेश्वर प्रसाद चंद्राकर, एस.बी. मिर्जा, पीलाराम, हीरालाल ने प्रधानमंत्री मोदी का संदेश सुना गया तथा भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान विभिन्न अधिकारी कर्मचारियों ने ग्रामीणों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बच्चों द्वारा प्रेरणा गीत गाया गया। प्रहसन के माध्यम से बताया कि अधिक उर्वरक डालने से मिट्टी अनुपयोगी होती है जबकि जैविक खेती करने से मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बढ़ती है।

# औषधि विक्रेता संघ ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले की 19 वीं कलेक्टर के तौर पर सुश्री नम्रता गांधी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, गोविंद गांधी, संजय मुंजवानी, उत्तम सिंहा, मनीष साहू, रुद्री ग्रामीण जोन के अध्यक्ष राकेश साहू, उपाध्यक्ष रूपेंद्र साहू, योगेंद्र साहू ने कलेक्टर को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिवादन किया।

इस अवसर पर संघ ने कलेक्टर से धमतरी के छात्रों को प्रशासनिक सेवा के लिए तैयारी एवं मार्गदर्शन देने के लिए आग्रह किया। इस पर उन्होंने अपनी सहमति दी है।



# सेमरा की डांस प्रतियोगिता में मयूरी डांस ग्रुप प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

■ स्वच्छता, कला के क्षेत्र में कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

इस वर्ष भी ग्राम सेमरा (भखारा) में 1 जनवरी को अलविदा 2023 और स्वागतम 2024 के अवसर पर राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। सामूहिक डांस में मयूरी डांस ग्रुप सारंगढ़ प्रथम स्थान पर रहा।

सोमवार की रात्रि बस स्टैंड चौक सेमरा बी में आयोजित भव्य डांस प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि हुमेंद्र गजेंद्र जनपद सदस्यने किया। अध्यक्षता श्रीमती बिनेश्वरी सिन्हा सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि कन्हैया साहू पूर्व सरपंच, राजेश सिन्हा ग्रामीण अध्यक्ष, ईश्वर साहू ग्रामीण उपाध्यक्ष, माधो साहू पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण, पवन ध्रुव उपसरपंच, धनसिंह सेन पत्रकार, राजेंद्र साहू ग्राम पटेल, रोहित साहू, नरसिंह साहू, नंद कुमार साहू, कृष्णा राजपूत पंच, नरोत्तम सिन्हा, योगेश सिन्हा, होमेश्वर सिन्हा, देवलाल सिन्हा, बिरेंद्र सिन्हा, बुधारु बैगा थे।



अपने उद्बोधन में अतिथियों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यकम में गांव, क्षेत्र, जिला और अन्य संभागों के कलाकारों को आमंत्रित कर उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर दिया जाता है। कलाकारों की प्रतिभाएं निखरकर सामने आती हैं। उन्हें आगे बढ़ने में मदद मिलती है। गांव, शहर, क्षेत्र सहित पूरे छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है तो उन्हें मंच देने की। गांव में स्वच्छता की अलख जगाने एवं माता सेवा गायन कला के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों का सम्मान करना भी उनके हौसला को बढ़ाता है। वर्षों से चौक-चौराहों की निःशुल्क सफाई करने वाले लखनलाल यादव, पुनीत राम साहू तथा माता सेवा, रामधुनी गायन करने वाले कन्हैया लाल साहू, कन्हैया लाल निषाद, मुकेश साहू, रामानन्द साहू का सम्मान किया गया। इसके बाद झमाझम डांस प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। निर्णायक नरेंद्र दास मानिकपुरी एवं डॉ लक्ष्मीनारायण दास मानिकपुरी थे। मीरा बाई, राधा कृष्ण की रास पर आधारित प्रस्तुति देने वाले मयूरी डांस ग्रुप सारंगगढ़ के कलाकारों ने सामूहिक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर जय मां दंतेश्वरी डांस ग्रुप बस्तर और तृतीय शिव शक्ति डांस ग्रुप भखारा रहे। युगल डांस में प्रथम भागीरथी डांस ग्रुप, नगरी तथा एकल नृत्य में प्रथम पुरुषोत्तम पोटियाडीह, द्वितीय भावेंद्र चंपारण राजिम एवं तृतीय खुशी साहू रामपुर रही। कार्यक्रम में फ्रेंड्स क्लब के संरक्षक लखन सिन्हा, ईश्वर साहू, अध्यक्ष मोती विश्वकर्मा, पप्पू साहू, डायमंड सिन्हा, संतोष यादव, गुलाब साहू, व्यास नारायण, देवेंद्र सिन्हा, प्रीतम ध्रुव सहित ग्रामवासियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन निरंजन साहू ने किया।

# शाकंभरी महोत्सव में जिले के समाजजनों ने दी सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम दरचुरा सिमगा जिला बालौदाबाजार में छत्तीसगढ़ प्रदेश कोसरिया पटेल मरार समाज ने शाकंभरी महोत्सव, सावित्री बाई फुले जयंती, युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं परिचय माला पुस्तिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज से लतखोर पटेल राजा, मोतीलाल पटेल उपाध्यक्ष, डामेश्वर पटेल उपाध्यक्ष, राकेश पटेल सहसचिव, राजू पटेल मीडिया प्रभारी, लकेश पटेल, दुर्गेश पटेल, बृजलाल पटेल, कुंजलाल पटेल सहित जिले से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

# गर्भवतियों की गोद भराई व बच्चों का हुआ अन्नप्राशन

■ केंद्र सरकार की योजनाओं से जनता का सर्वांगीण विकास : प्रेमलता नागवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम बोरई और ग्राम लिखमा के कमारपारा पहुंची। ग्रामीणों ने संकल्प यात्रा का स्वागत किया। मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से जनता का सर्वांगीण विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के अन्तर्गत अब विशेष पिछड़ी जनजाति को सुविधाओं के साथ विभिन्न योजनाओं का शीघ्र लाभ दिलाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस वितरण किया गया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन भी किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष हुमित लिमजा, जनपद सदस्य यामिनी ध्रुव, सरपंच बोरई किरण भूआर्य, सरपंच लिखमा सुरेश वट्टी, भाजपा महिला मोर्चा मंडल महामंत्री सीता साहू, दुर्योधन नेताम, उपसरपंच बोरई मिश्रीलाल नेताम, अमरोतीन नागवंशी, ईश्वर नेताम समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# देवांगन समाज ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

देवांगन समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन कुरूद के नेतृत्व में समाजजनों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस अवसर पर बृजलाल देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन, भीखम देवांगन, धनेश देवांगन, महेश, पुराणिक, घनश्याम, राधेश्याम, विमल, ऋषि देवांगन, मोनिका देवांगन समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



गीत-संगीत कार्यक्रम में भखारा के बच्चों ने दी अनुपम प्रस्तुति

# सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए हरख सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ जन सेवा फाउंडेशन रायपुर अंचल में गीत संगीत सेवा के अतिरिक्त सेवा कार्यो को संपादित करता है। महिला सशक्तिकरण एवं बच्चों के लिए भी कार्य करता है। संस्था ने एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें रायपुर शहर के विभिन्न गायक एवं समाजसेवी पुलिस कर्मियों का सम्मान किया। गीत-संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में भखारा के नन्हें प्रतिभागी लक्ष्य जैन, तोशिका जैन एवं ललित चोपड़ा ने विभिन्न गानों के ट्रैक पर अपनी सुमधुर प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम म्यूजिकल इवेंट वृंदावन हॉल, सिविल लाइंस रायपुर में आयोजित किया गया।




हिंदुस्तान की शान इवेंट में म्यूजिकल प्रोग्राम के साथ-साथ सम्मान समारोह भी रखा गया है। हरख जैन को सेवा कार्य, संगीत सेवा में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जांबाज पुलिस कर्मियों का सम्मान किया गया।

मौके पर डीएसपी शिव शंकर साहनी, डीएसपी जावेद अंसारी, करुण सरोज, शेखर राजपूत, धीरज मरकाम, अतुल मिश्रा, अभय कुमार, शशि चौहान, रामलाल सिन्हा, सोमा कश्यप, मेघा गुप्ता, संजय, ललित चोपड़ा, गौतम पारख, मनीष लोढ़ा, तोषिका, काव्या, गोल्डन साहू आदि सहित गणमान्य उपस्थित थे।फाउंडेशन की अध्यक्षा विभा सोनी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्य टारगेट व सेतु साहू ने किया।

**Pride of Dhamtari**

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
**कासलीवाल ब्रिक्स**
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध



आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
**ओ.पी.डी.**
पंजीयन आवश्यक - 9981996482



स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

| डॉ करण सराफ | डॉ अक्षय वैद | डॉ आशु जैन |
| --- | --- | --- |
| MD,DM Nephrologist | MS,MCh, Neurosurgeon | MS,MCh, Neurosurgeon |
| किडनी रोग विशेषज्ञ | ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ | ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ |
| 02 जनवरी 2024 मंगलवार | 05 जनवरी 2024 शुक्रवार | 12 जनवरी 2024 शुक्रवार |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरूद - 99268-92770, नगरी - 77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## अंचल की खबरें

### औषधि विक्रेता संघ ने की स्वास्थ्य मंत्री से भेंट



**धमतरी।** जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, गोविंद गांधी, रूपेंद्र साहू ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भेंटकर उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री को छत्तीसगढ़ के सभी मेडिकल स्टोर में लैपटॉप एवं सॉफ्टवेयर में शासन से अनुदान स्वरूप सहायता की मांग रखी। वहीं प्रदेश में नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री एवं उनके गिरोह पर शिकंजा कसने की मांग की। मेडिकल दवा व्यवसाय को शासन द्वारा प्रोत्साहित करने एवं ऑनलाइन दवा की बिक्री पर रोक लगाने की बात कही गई।

### मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**धमतरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव का 6 जनवरी को जिले के मगरलोड विकासखण्ड स्थित परसवानी का प्रवास प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने परसवानी पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री गांधी ने कार्यक्रम स्थल, मुख्य मंच, हेलीपेड, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, बैरिकेडिंग सहित अन्य व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम कुरुद सोनाल डेविड सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा पर दानीटोला में मनेगा दीपोत्सव



**धमतरी।** अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दानीटोला वार्ड में बैठक रखी गई, जिसमें वार्डवासियों ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा पर चर्चा की। वार्डवासियों ने अयोध्या से आए अक्षत कलश आमंत्रण घर-घर पहुचाने एवं 22 जनवरी को वार्ड के मां शीतला मंदिर माता देवालय में विभिन्न संगठनों द्वारा धार्मिक आयोजन करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मां शीतला बस्ती समिति अध्यक्ष नरेंद्र साहू, संरक्षक मुरली प्रसाद साहू, मां दुर्गा महिला मंडल के समस्त सदस्य, गायत्री महिला मंडल के सदस्य व लोमेश साहू, मतेश्वर साहू, रामायण मंडली के वरिष्ठ व वार्डवासी उपस्थित थे। यह जानकारी राजेंद्र नाग सचिव मां शीतला बस्ती समिति ने दी है।

### प्रतीक्षा कक्ष में लोग ले सकेंगे ईवीएम और वीवीपैट की जानकारी



■ कलेक्टर नम्रता गांधी ने ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का किया शुभारंभ

**धमतरी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित प्रतीक्षा कक्ष में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री गांधी ने अधिकारी, कर्मचारियों से कहा कि ईवीएम और वीवीपैट के बारे में अधिक से अधिक लोगों को बताएं और मतदान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कलेक्टोरेट पहुंचने वाले आम लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रतीक्षा कक्ष में बने ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र से ईवीएम, वीवीपैट और मतदान संबंधी जानकारी लेकर इसका लाभ उठाएं। इस अवसर पर जिला उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दिव्या पोटाई सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

---

आदर्श स्वसहायता महिला समूह 1.50 लाख का लोन लेकर कर रही स्ट्रगल

# दो-चार सौ रुपए के धंधे में कैसे चलेगा गढ़कलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की लुप्त होते विधियों को जीवंत बनाये रखने जिला मुख्यालय स्थित गढ़कलेवा का हाल कुछ ठीक नहीं है। दिन भर में मात्र दो-चार सौ का धंधा संचालक समूह को रास नहीं आ रहा है। समूह ने 50 हजार की लागत से काम शुरू किया था। धंधे में घाटा के चलते 1.50 लाख का लोन उठाना पड़ गया है। समूह का कहना है कि स्ट्रगल कर रहे हैं। चला तो ठीक नहीं तो निगम में जाकर अपने हाथ खड़े कर देंगे।

प्रदेश के सभी जिलों में गढ़कलेवा खोलने का उद्देश्य छग की सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करते हुए पारंपरिक खानपान, आहार एवं व्यंजनों से देश-दुनिया को परिचित कराना है। वर्तमान में लोगों के पास समय की कमी है। तब लोगों को छत्तीसगढ़ व्यंजनों का स्वाद सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराना, व्यंजनों की विधि को जीवंत बनाये रखना, विधवा, परित्यक्ता, थर्ड जेंडर, जनजाति महिला, स्वसहायता समूह को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हुए आत्मनिर्भर बनाने का रास्ता प्रशस्त करना है।



### चीला, चौसेला, उड़द बड़ा की मांग ज्यादा

गढ़कलेवा में चीला, चौसेला, मुठिया, उड़द बड़ा, फरा, मूंग बड़ा, भजिया, गुलगुला भजिया, पान रोटी, ठेठरी, खुरमी, अरसा, शक्करपारा आदि छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रमुख रूप से हैं। इनमें से चीला, चौसेला, उड़द बड़ा लोगों को ज्यादा पसंद है। आर्डर पर आधे घंटे में उक्त व्यंजन उपलब्ध कराया जाता है।

### मार्केट से बाहर है गढ़कलेवा का भवन

गढ़कलेवा में चीला व्यंजन का स्वाद लेने पहुंचे सुमीत कुमार, अर्जुन साहू बताते हैं कि गढ़कलेवा का भवन भीड़भाड़ वाली जगह से अलग है। शहर के एक छोर में होने के कारण लोग यहां नहीं पहुंच पाते हैं वहीं बैला बाजार के पास असामाजिक तत्वों का डेरा लगने से ग्राहक शाम को आने से कतराते हैं। उन्होंने बताया कि यहां छत्तीसगढ़ी व्यंजन घर की तरह खूब स्वादिष्ट बनते हैं।

सन 2016 में छत्तीसगढ़ सरकार ने गढ़कलेवा की शुरूआत की थी। उस समय बस स्टैण्ड के रैन बसेरा में इसका संचालन किया जा रहा था। सरकार बदलने के बाद कुछ समय के लिए यह योजना शहर में लुप्तप्रायः हो गई थी। सन 2021 में प्रदेश सरकार ने इस योजना पर फिर जोर देते हुए प्रत्येक जिले में गढ़कलेवा के लिए भवन बनाने फंड जारी किया। धमतरी में निगम के सामुदायिक भवन पुराना बैलाबाजार के पास लाखों की लागत से गढ़कलेवा का भवन तैयार हुआ। 15 अक्टूबर को इसका शुभारंभ महापौर ने किया।

गढ़कलेवा का संचालन आदर्श स्वसहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं। समूह की अध्यक्ष खेमिन वर्मा, सचिव हेमलता यादव बताती हैं कि शुरूआती दौर में रोजाना 1 हजार रूपये से अधिक की बिक्री हो जाती है। छत्तीसगढ़िया लोगों के यहां चीला, फरा, चौसेला आदि छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनते हैं लेकिन सेठ, मारवाड़ी, सिंधी, जैन समाज के लोग छत्तीसगढ़िया व्यंजन का स्वाद लेने पहुंचते थे। दीपावली तक धंधा ठीक रहा लेकिन दीपावली के बाद धंधा ठप हो गया है। धंधे को बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ी व्यंजन के अलावा उन्होंने दाल-भात थाली की सुविधा शुरू की है। वहीं सेव, मिक्चर, स्नेक आदि का पैकेट भी रखना पड़ा है। कुर्सी, टेबल, साजसज्जा के लिए उन्हें बड़ी रकम लगानी पड़ रही है।

---

# छत्तीसगढ़ी लोकगीत व नृत्य ने बटोरी तालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

### सर्वोदय स्कूल का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर खपरी में संपन्न



सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक शाला का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर ग्राम खपरी में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि रामरोशन ध्रुव सरपंच थे। अध्यक्षता प्राचार्य टीआर सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि अग्रवाल साहू उपसरपंच, गुरूचरण साहू, हरीशचन्द्र साहू, ईश्वर राम साहू, झुमुकलाल साहू, संतोष साहू, अंकलहू साहू, चित्ररेखा बाई ध्रुव, अंजु साहू, शिवकुमारी साहू, प्रतिभा साहू, विश्वासा साहू, पिंकी साहू, रीता साहू, तीजबाई साहू, सरोज बाई, भोलाराम सिन्हा, चन्द्रकैलाश साहू थे। कार्यक्रम के तहत रासेयो छात्रों ने प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली। ग्राम संपर्क किया।

चौक-चौराहों, गलियों, तालाब की सफाई कर गांव में नशामुक्ति का जागरूकता लाने का प्रयास किया। शिविर में 86 स्वयंसेवक , 4 शिक्षक व 2 सीनियर बच्चों ने सेवा दी। प्रत्येक दिन बौद्धिक परिचर्चा हुई। प्रथम दिवस आरआर रायपुरिया सेवानिवृत्त व्याख्याता ने शिक्षा मूल्य पर अपना व्याख्यान दिया। तृतीय दिवस डा. एएस सहायक प्राध्यापक भूगोल शहीद वेंकेटराव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीजापुर ने बच्चों में सृजन क्षमता का विकास एवं बुद्धिमता के विकास पर जोर दिया। चतुर्थ दिवस निर्मला साहू सीएचओ स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पर प्रकाश डाला।

पंचम दिवस गजेन्द्र पटेल ने करियर गाइडेंस पर चर्चा की। छठवें दिन नरेन्द्र श्रीवास्तव, जीपी साहू एवं निरंजन कुमार ने नैतिक एवं व्यवहारिक मूल्यों पर स्वयंसेवकों को जानकारी दी। केआर साहू एसआई एवं बोधन ध्रुव एएसआईने यातायात जागरूकता पर जानकारी दी। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। लोकनृत्य, कर्मा, पंथी, ददरिया, नशामुक्त नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता संबंधी नाटकों के माध्यम से खूब तालियां बटोरी। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी टीआर सिन्हा एवं हशर बंजारे ने किया। इस आयोजन में सहकार्यक्रम अधिकारी कुलप्रीत सिंह आजमानी, मनोज सिन्हा, श्रीमती ललिता साहू, श्रीमती संध्या कौशिक का विशेष सहयोग रहा।

### पचपेड़ी में जसगीत फाग आज से

**अंवरी।** ग्राम पचपेड़ी में जय मरादेव मारिया जस झांकी परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा संगीतमय जसगीत, फाग, रामधुनी एवं नाचा का आयोजन 6 एवं 7 जनवरी को किया जा रहा है। 6 जनवरी को जय मां शीतला पूरण जस झांकी परिवार कुम्ही (बेलर), पूजा के फूल रामधुनी मंडली भटगांव, आदर्श नवयुवक फाग मंडली पड़कीभाट, जय मां संतोषी जस झांकी मंडली तरौद, झन भूलो मां बाप ला नाचा पार्टी मोखा एवं 7 जनवरी को जय छत्तीसगढ़ महतारी फाग मंडली बगदेही, ज्योति विद्या जस झांकी मंडली फिंगेश्वर, जय सदोहर राउत बाबा नरसिंग नाथ जस झांकी परिवार अंडा, जय मां दंतेश्वरी रामधुंनी मंडली आमदी, भारत दर्शन जस झांकी परिवार भिंभौरी, जय मां शीतला लोक आंचलिक खोड़वा कुबरा नाचा पार्टी सुवरबोड़ की प्रस्तुति होगी।

# एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने राजनीतिक दलों की बैठक ली।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया जायेगा। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि 6 से 22 जनवरी तक होगी। दावा-आपत्ति की अवधि में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु विशेष अभियान के लिए 13 एवं 14 जनवरी निर्धारित है। दावा-आपत्ति का निराकरण 2 फरवरी तक और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा।

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों पर कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी के साथ-साथ तीन अन्य अर्हता तिथियां 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2024 को भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले लोगों से प्रारूप-6 में अग्रिम रूप से आवेदन प्राप्त किये जाऐंगे।

बैठक में अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, एसडीएम धमतरी, नगरी सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# चोरी करते पकड़ा गया, फिर बेटी का किया अपहरण

■ न्यायालय ने दोषी को 3 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मकान मालिक ने युवक को चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। युवक को ग्रामीणों के सामने पेश करने की कोशिश की। इससे युवक का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। बदला लेने की नीयत से उसने मकान मालिक की नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया। इस मामले में न्यायालय ने उसे तीन साल के सश्रम कारावास से दंडित किया।

मामला मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम शुक्लाभाठा का है। 5 मार्च 2021 को सुबह 10.30 बजे 28 वर्षीय राजेंद्र कुमार कंवर उर्फ राजू गांव के ही एक मकान में ताला तोड़कर चोरी करने घुसा हुआ था। मकान मालिक ने उसे 900 रुपए चोरी करते रंगेहाथ पकड़ लिया। इस दौरान उसने ग्रामीणों के सामने उसे प्रस्तुत करने की कोशिश की। उस वक्त वह वहां से भाग निकला और स्कूल पहुंचा। जहां मकान मालिक की नाबालिग बेटी पढ़ती है। आरोपी ने स्कूल में बताया कि मकान मालिक का एक्सीडेंट हो गया है और वहां से उसकी बेटी को अपने साथ ले गया। इसकी जानकारी जब मकान मालिक को हुई तो उसने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई। मामला अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी पाक्सो पंकज कुमार जैन के न्यायालय में चला। सभी गवाहों और सबूतों पर गौर करने के बाद न्यायाधीश श्री जैन ने आरोपी को दोषी ठहराया। उन्होंने भादवि की धारा 454 के तहत 2 वर्ष का सश्रम कारावास, 100 रुपए अर्थदंड की सजा दी। अर्थदंड नहीं चुकाने पर एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। धारा 380 के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 200 रुपए अर्थदंड की सजा दी। अर्थदंड नहीं चुकाने परर 2 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, धारा 363 के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 200 रुपए अर्थदंड की सजा दी। अर्थदंड नहीं चुकाने पर 2 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

### निगम और पर्यावरण के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# निगम टीम ने दुकानों से 300 किलो से अधिक पॉलीथिन जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

प्रतिबंधित प्लास्टिक और पॉलीथिन के खिलाफ शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने बाजार क्षेत्रों और दुकानों में दबिश दी। इस दौरान टीम ने 300 से अधिक किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन तथा सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया। दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए तकरीबन 5000 रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

गौरतलब है कि आयुक्त विनय कुमार के निर्देश पर उपायुक्त पीसी सार्वा के नेतृत्व में टीम ने दोपहर 12 बजे के बाद रेड की। उनके साथ रायपुर पर्यावरण विभाग से आए केसी साहू व श्री तिवारी भी शामिल थे। टीम ने आमापारा, बस्टैंड, गोलबाजार, रामबाग बाजार, रत्नाबंधा, मकई चौक सहित अन्य स्थानों में संचालित विभिन्न दुकानों में छापा मारा। विक्रेता के यहां से करीब 300 से अधिक किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन, डिस्पोजल आदि बरामद किया। नगर निगम ने उसे कब्जे में लेकर दुकानदार के खिलाफ चालान भी काटा। आयुक्त विनय कुमार ने जब्त की गई सामग्रियों को तत्काल नष्ट करने का निर्देश दिया है।

**जब्त की गई प्रतिबंधित सामग्रियों को नष्ट करने आयुक्त ने दिया निर्देश**



उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि प्रतिबंधित प्लास्टिक और पॉलीथिन के इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए नगर निगम की टीम सतर्क है। आगे भी जागरूकता अभियान चलाते हुए कार्यवाही जारी रहेगी। ज्ञात हो कि आयुक्त विनय कुमार पोयाम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक पर लगाम कसने टीम का गठन किया है जिसके नोडल अधिकारी श्री सार्वा है। आज की कार्यवाही में विशेष रूप से उप अभियंता कामता प्रसाद नागेंद्र, सहायक राजस्व निरीक्षक दीपक पांडे, शशांक मिश्रा, श्यामू सोना, संकेत गुप्ता गोविंद पात्रे, धनेश सिन्हा आदि मौजूद रहे। निगम ने सभी व्यापारियों से अपील कर कहा है कि सिंगल यूज प्लास्टिक और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग, विक्रय और क्रय न करे और ग्राहकों को भी इस संबंध में जानकारी देकर निगम का सहयोग करे।

## चयनित अभ्यर्थी 8 जनवरी तक उपस्थित होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

नगरी विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में अस्थायी रूप से मानदेय पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिये गत दिनों वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वॉक इन इंटरव्यू में चयनित अभ्यर्थियों की सूची वेबसाईट पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त ने चयनित अभ्यर्थियों को 8 जनवरी तक पदांकित संस्था में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि तक उपस्थित नहीं होने पर चयन निरस्त माना जायेगा।

## 22 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग

**सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ ने लिखा प्रधानमंत्री मोदी को पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



550 वर्ष की प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि आयोध्या से लेकर देश के हर शहर-हर गांव तक उत्सव की तैयारी तेज गति से चल रही है। इस दिन को दिव्यता व भव्यता प्रदान करने के लिए सर्व गुजरती समाज छत्तीसगढ़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 22 जनवरी को अवकाश घोषित करने की मांग की है। प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के आगमन को लेकर पूरा देशवासी उत्साहित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को देशवासी अक्षरशः अमल कर रहे हैं। 22 जनवरी को भव्य और दिव्य बनाने एवं हर देशवासी इस स्वर्णिम पल का साक्षी बन सके। इसके लिए 22 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की है। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा जनभावना से दिव्य और भव्य बनेगी।

## विधायक को बताई कुकरेल क्षेत्र की समस्याएं

**धमतरी**। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम से उनके निवास में मुलाकात कर नीरज साहू व उनके साथियों ने कुकरेल क्षेत्र की बड़ी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक से क्षेत्र में पुल पुलिया, सड़क व कॉलेज की मांग की गई। इस दौरान नरसिंग साहू, बनबगौद सरपंच मिनेश ध्रुव, ईश्वर साहू व खिलेन्द्र विश्वकर्मा मौजूद रहे।



### पेंडरवानी में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह जारी

## मृत्यु लोक में भगवान भी नहीं बच पाये : हरिशरण

**धमतरी**। ग्राम पंचायत पेंडरवानी में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह जारी है। कथाकार हरिशरण वैष्णव महराज श्रद्धालुओं को हर रोज भक्तिमय कथा सुना रहे हैं। कथा सुनने श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन पांच जनवरी को कथाकार हरिशरण वैष्णव ने कथा सुनाते हुए कहा कि असत्य संसार है और सत्य भगवान ब्रम्हा है। भगवान के यहां अंधकार ठहरता नहीं। कथाकार ने एक श्लोक का अर्थ बताते हुए कहा कि गुरु मृत्यु से किसी को बचाता नहीं सिर्फ डर से बचाता है। यह मृत्यु लोक है। यहां मौत से भगवान भी नहीं बच पाया। मृत्यु क्या है। मृत्यु कुछ भी नहीं है। पुराने कपड़ों को फेंककर नया कपड़ा पहनने के सामान है। जिस तरह लोग पुराने कपड़े बदलकर नए कपड़े पहनते हैं, मृत्यु ठीक इसी तरह है। आगे कहा कि भागवत कथा सुनने से ही मुक्ति मिलती है। ऐसे में हर वर्ग को मुक्ति के लिए भागवत कथा सुननी चाहिए। जीवन में सफल होना है तो भागवत कथा सुनो। जीवन में कुछ पाने के लिए मेहनत जरूरी है। सफलता हासिल करने के लिए भगवान को भी मेहनत करनी पड़ती है। भागवत कथा सुनने जिला पंचायत सदस्य ललिता पीमन साहू, सरपंच सत्यवान साहू, उपसरपंच खिलेश कुमार साहू, त्रिलोकी राम साहू, गिरधारी देवांगन, शंकर लाल साहू, जगत साहू, नारायणलाल साहू, कुंजूराम साहू, भागचंद साहू, खेमराज साहू, राजेन्द्र देवांगन, तामेश्वर साहू, गैंदलाल साहू, धनुष राम सगरवंशी, जोगू यादव, कामदेव साहू, ईश्वर साहू, गजेंद्र साहू समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा
सभी बीमारियों के शीघ्र आराम के लिए
बाबा नवजीवन चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी
प्रमुख बीमारियों का इलाज
1. बुखार, सर्दी, खांसी, निमोनिया, श्वांस दमा, उल्टी दस्त
2. पेटरोग-कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना
3. वात रोग व लकवा रोग का लाभकारी इलाज
4. बवासीर-मस्सा होना, खून निकलना, दर्द होना
5. स्त्रीरोग-सफेदपानी आना, मासिक रूकावट, बांझपन
6. पुरुषों के रोग-धातुस्राव, शीघ्रपतन, इंद्रिय शिथिलता
7. चर्मरोग-दाद, खुजली, बेमची, सुजन, सफेद दाग
8. शुगर रोग-पेशाब बार बार होना, थकान, कमजोरी
9. केशरोग-बालों का झड़ना, सफेद होना का इलाज
10. पीलिया, मूत्ररोग, पथरी, सिरदर्द, हाई व लो ब्लडप्रेशर
99930 10732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

गायत्री मंदिर, बस स्टैंड के पास, कुरूद में 7 जनवरी, रविवार
गठियावात, नसों में दर्द, मूत्र रोग, पाईल्स, शुगर शिविर
प्रत्येक मरीज 1500 रु. की जांच निःशुल्क
• ECG (हार्ट की जांच) • BMI (हड्डी की जांच)
• पाईल्स, भगंदर, फिशर की जांच मशीन द्वारा
• नसों की सिकाई (Ultrasound मशीन द्वारा)
• ब्लड की जांच निःशुल्क - थॉयराइड, हीमोग्लोबिन, शुगर, कोलेट्रॉल, कैल्शियम, गठियावात की जांच लाल पैथालॉजी लैब से।
जर्मन दवाईयों पर 20% छूट
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी. (होम्योपैथी मेडिसीन) (अनुभव 10 वर्ष)
डॉ. एस. चौरसिया एम. एस. (पाईल्स विशेषज्ञ)



परामर्श हेतु उपलब्ध-समय : सुबह 10 से 3 बजे तक
मूत्र रोग, गठियावात, नशों में दर्द, पाईल्स शिविर
मूत्र रोग : पेशाब पर जलन, दर्द, धार कमजोर, ताकत लगाना, रात्रि पर ज्यादा पेशाब होना, पेशाब कपड़े पर छूट जाना, धातु कटना, झाग बद्बू, यौन कमजोरी। प्रोस्ट्रेट, UTI (PUS CELL) पेशाब नली पर सिकुड़न पथरी दवा द्वारा उपचार
पेट एवं गुदा रोग : पेट पर जलन, गैस, कब्ज, गुदा मार्ग पर जलन, दर्द, खून एवं मवाद आना। पाईल्स, भगन्दर, फिशर की क्षारसूत्र चिकित्सा।
शिविर में चयनित 5 लोगों को 50% छूट
स्थायी पता : मिरैकल्स क्लिनिक-नेताजी चौक, कटोरातालाब, रायपुर (छ.ग.)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन : 9630634468, 9406004581

online Booking:-www.tripuryatra.com




बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि-स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

